पंचकल्याणक महोत्सव में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

गोटेगांव, देशबन्धु। गोटेगांव में जैन धर्म का पंचकल्याणक महोत्सव प्रारंभ हो चुका है। इसके लिए पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका के निर्देशन में गोटेगांव पुलिस ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं।

एसडीओपी भावना मरावी एवं थाना प्रभारी प्रदीप सराफ लगातार पंचकल्याणक मंडपम में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

वहां पंचकल्याणक महोत्सव मंडपम में अस्थाई चौकी बनाई है वहीं कन्ट्रोल रूम से भी निरंतर महोत्सव की सुरक्षा व्यवस्था पर निगरानी रखी जा रही है। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से कई स्तर पर व्यवस्था की है।

पंचकल्याणक मंडपम में जिनेन्द्र भगवान प्रतिष्ठापित होने वाली सभी प्रतिमाएं जिस स्थान पर विराजमान हैं उस स्थान विशेष की सुरक्षा में 24घंटे निरंतर गनधारी सशस्त्र पुलिस जवान निगरानी कर रहे हैं। महोत्सव में जिले के अन्य थानों से भी पुलिस बल बुलाया गया है। करीब 50 पुलिस कर्मी निरंतर सुरक्षा व्यवस्था में लगे हैं। साथ ही पुलिस मोबाइल एवं 100 नम्बर वाहन से भी ग्रस्त की जा रही है। जहां पंडाल में एवं आसपास 24 घंटे सिपाही तैनात है जो निरंतर अपनी कड़ी निगरानी से जैन समाज के इस धार्मिक आयोजन को संपन्न करने के लिए पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात है। वहीं यातायात के लिए भी पर्याप्त ट्रैफिक कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

विधायक ने किया नहरों का निरीक्षण

छपारा, देशबन्धु। 03 दिसम्बर 2024 को केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह जी ने शासकीय अमला के साथ नहरों का निरीक्षण किया।

विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह ने ग्राम अहरवाड़ा, सुनेहरा, तिन्दुआ, खैररांजी, छींदा, परासपानी क्षेत्र का दौरा कर नहरों का निरीक्षण किया। नहरों के निरीक्षण में टीएलबीसी, आरबीसी नहर अत्यंत ही जीर्ण शीर्ण पाई गई एवं अधिकारियों की लापरवाही के चलते आज दिनाँक तक नहरों की सफाई न कराने के कारण पानी को तीव्र गति नहीं मिल पा रही है। जिससे किसानों को समय रहते पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने अधिकारियों को त्वारित ही नहरों के मरम्मत कार्य कराया जाकर शीघ्र ही किसानों को पानी उपलब्ध किए जाने हेतु निर्देशित किया।

नहर निरीक्षण में साथ ही जिला कांग्रेस - पूर्व जनपद अध्यक्ष सुभाष बघेल, जनपद सदस्य मुकेश राजपूत जी, पूर्व जल उपभोगता समिति के सदस्य रामशंकर महोबिया जी, पूर्व जनपद सदस्य रवि बघेल, एरिकेशन ई विनोद उईके, एस.डी.ओ श्रीराम बघेल, शरद सूर्यवंशी, सब इंजी.भलावी जी समेत समस्त क्षेत्रीय किसान बंधु उपस्थित रहे।

बिछुआ बग्गू में नवनिर्मित स्मार्ट क्लास का लोकार्पण

सौसर, देशबन्धु । क्षेत्र के ग्राम बिछुआ बग्गू स्थित शासकीय सती अनुसया माता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधायक विजय चौरे ने विधायक निधि से प्रद्दत्त लागत राशि 2 लाख 35 हजार रूपए से नवनिर्मित स्मार्ट क्लास का रिबन काटकर लोकार्पण किया एवं छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की।

विधायक श्री चौरे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को उत्तम शिक्षा प्राप्त हो इसलिए स्मार्ट क्लास की विद्यार्थियो को आवश्यकता है, वर्तमान स्थिति के अनुसार शिक्षा पद्धति में भी परिवर्तन हुआ है।

इस स्मार्ट क्लास के माध्यम से विद्यार्थियो को आधुनिक शिक्षा प्राप्त करने में आसानी होगी एवं विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण करेंगे साथ ही विद्यार्थियो में अधिक से अधिक सीखने के अवसर एवं अध्ययन करने की कला का विकास होगा।

विधायक विजय चौरे ने साइकिल भी वितरित कीं

इस अवसर पर सरपंच प्रमोद पातुरकर, उप सरपंच सुदर्शन भक्ते, लक्ष्मण वाठ, देवचंद्र तुमड़ाम,सुनील तिवारी, किशन पराये, भाऊराव भक्ते, अरुण भक्ते, चरणदास सोनेकर, रामकृष्णा शेंडे, सुमित्रा उपासे मीराबाई भक्ते, भुराजी शेंडे,विश्वेशर पातुरकर एवं उपस्थित शिक्षकगणो में बीआरसी गावंडे, प्राचार्य ज्ञानेश्वर भक्ते, दिलीप वाठ, बरदे सर, पेजे सर, शेंडे, जैवार, कोल्हटकर सर, बरदे, कोचे सर, भक्ते सर एवं समस्त गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सार-समाचार

लोनिवि के सभापति ने किया सड़कों का निरीक्षण

परासिया, देशबन्धु । नगर पालिका परासिया के अंतर्गत 21 वार्डों में लोक निर्माण विभाग के सभापति पवन सूर्यवंशी के द्वारा सड़कों का निरीक्षण किया गया। जिन वार्डो में पुरानी बनी हुई सड़क एवं जर्जर हालत में हो गई सभी वार्डो की सड़कों का निरीक्षण कर जानकारी एकत्रित की गई है, एवं जानकारी शासन को भेजी गई है, ताकि शासन से सड़क मरम्मत एवं पुनर्निर्माण हेतु राशि आवंटित हो सके। लोक निर्माण विभाग की सभापति पवन सूर्यवंशी ने बताया कि आगामी समय में शासन से जब भी सड़क की मरम्मत के कार्य हेतु राशि आवंटित की जाएगी तो पूरे शहर की सड़कों का पुनर्निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य किया जाएगा ।

उप सरपंच ने मृत स्वान को निस्तार तालाब से निकाला बाहर, पंचायत कर्मियों ने नहीं दिया ध्यान

जुन्नारदेव, देशबन्धु । जनपद पंचायत जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत दातलावादी में पंचायत द्वारा ओपन कास्ट से चलाए जाने वाला निस्तार के पानी में पिछले तीन दिनों से मृत्यु अवस्था में एक कुत्ता पड़ा हुआ था जिसकी शिकायत स्थानीय निवासियों ने पंचायत के नुमाइंदों को दी थी उसके बाद भी वह कुत्ते को नहीं हटाया गया था खबर प्रकाशन होते ही पंचायत के ही उपसरपंच रामपाल परते ने मामले को गंभीरता से लिया उन्होंने खुद ओपन कास्ट पहुंचकर उसमें किसी तरह उतर के 3 दिन से पड़े कुत्ते के शव को पानी से किसी तरह बाहर निकाल कर दफन करवाया गया तब जाकर क्षेत्र वासियों ने राहत की सांस ली। सूत्रों की माने तो पंचायत में उपसरपंच कि नहीं सुनी जाती वह जनता के मसीहा बनकर उभरे और मृत स्वान को बाहर निकाला उपसरपंच स्वयं से ही निकलते नजर आ रहे हैं आखिर पंचायत कर्मी कहां थे यह सवाल उठने शुरू हो गए हैं।

खमरिया के रोजगार सहायक सड़क दुर्घटना में घायल

छपारा, देशबन्धु। अपने निवास जोगीवाडा से खमरिया ग्राम पंचायत के लिए जा रहे थे रोजगार सहायक 11ः 30 बजे खटकर के पास अचानक उनकी मोटरसाइकिल के सामने कुत्ते आ गए जिसके कारण अनबैलेंस होकर मुंह के बाल गिर गए जिससे उन्हें सर में और मुंह में चोट आई छपारा स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सिवनी रिफर किया गया। घटना की जानकारी सुनते ही जनपद पंचायत छपारा के अध्यक्ष एवं सरपंच रोजगार सहायक उन्हें देखना छपारा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रहे हैं ।

खेलो एमपी यूथ गेम्स ट्रायल चयन प्रतियोगिता आयोजित

जुन्नारदेव, देशबन्धु । खेलो एमपी यूथ गेम्स ब्लॉक स्तरीय क्रिकेट, फुटबॉल, शतरंज और कुश्ती की चयन स्पर्धा का आयोजन स्टेप फॉरवर्ड पब्लिक स्कूल जुन्नारदेव में संपन्न हुआ। स्पर्धा का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, शरद कुरोलिया,डी एस ओ अनुरोध शर्मा, प्राचार्या स्टेप फॉरवर्ड पामेला वार्ड एवं ब्लॉक समन्वय विभा तारन के द्वारा सरस्वती और भारत माता का पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। फुटबॉल का चयन कुलदीप सिंह रघुवंशी, अवधेश कैथवास, मिलाप मालवी, श्याम कहार के द्वारा किया वहीं क्रिकेट का चयन रूपेश विश्वकर्मा, अंसार अंसारी, दिनेश सिंह राठौर के द्वारा किया। शतरंज का चयन कपिल टेकाम, प्रसन्न मिश्रा के द्वारा किया वहीं कुश्ती का चयन शशि परतेती, ललिता साहनी द्वारा किया गया।

1450 विद्यार्थियों ने दी मेगा जनरल नॉलेज की परीक्षा

सौसर, देशबन्धु। विगत 8 वर्षो से सौसर तहसील के सामाजिक, स्वास्थ्य और शिक्षा,सेवा के क्षेत्र में निरंतर काम कर रहे सामाजिक संगठन युथ ऑफ सौसर एसोसिएशन की आठवीं बार मेगा जनरल नॉलेज कंपटीशन में लगभग 1498 से ज्यादा विद्यार्थियों ने जिसमे लगभग 950 से अधिक तथा पांढुर्ना में लगभग 548 विद्यार्थियों के द्वारा परीक्षा दी यह परीक्षा हर वर्ष 9वीं, 10वी, 11वीं 12वीं और कॉलेज के छात्र छात्राओं के लिए आयोजित की जाती है।

संस्था के सभी सक्रिय सदस्य ने हिस्सा लिया और इसमें पर्यवेक्षक तथा परीक्षा निरीक्षक के रूप में प्रभावती मानेकर स्कूल के प्राचार्य एवं संदीप बागडे सर सौसर मे बोरगांव मे प्राचार्य कैलाश धकाते सर रामाकोना मे प्राचार्य श्री रत्नाकर भकने सर पीपला नारायणवार में प्राचार्य गणेश परतेती चंद्रशेखर जैवार सर सरस्वती शिशु मंदिर लोधीखेड़ा के प्राचार्य होटे सर तथा पांढुर्णा सरस्वती शिशु मंदिर पांढुर्ना प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी सर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इनके उपस्थिति में बच्चों ने परीक्षा दी।

इस परीक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले छात्र-छात्राओं को वार्षिक सम्मेलन कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण किसी राष्ट्रीय सेलिब्रिटी के हाथों दिया जाता है। पिछले 8 वर्षों से संस्था हमारे क्षेत्र के सभी शालाओं के प्राचार्य एवं शिक्षकों का विशेष योगदान एवं सहयोग आत्मीयता से मिलता है।

इस वर्ष परीक्षा में नए सदस्यों वॉलिंटियर्स ने भी परीक्षा मैनजमेंट का अनुभव लिया। सभी जगह नारी शक्तियों के हाथ में परीक्षा संचालन की कमान सौंपी गई। जिसमें लोधीखेड़ा सरस्वती शिशु मंदिर में केंद्र प्रमुख अश्विनी सहारे को, किशोर भानगे बाबुजी राजेंद्र भांडे रामाकोना परीक्षा की व्यवस्था शिवानी बोडखे को, केंद्र प्रमुख पंकज रंगारे, भीमराज बड़वाईक ने शासकीय प्रभावती मानकर स्कूल सौसर में भी परीक्षा संचालन की कमान नारी शक्ति के हाथ में दी। जिसमें कंचन बरापात्रे को केंद्र प्रमुख जानवी ठोसर शेजल पगारे वैशाली शेंडे संस्था के अध्यक्ष योगेश सोमकुवार दर्शन लोनारे मोहनीस हिवरकर इसी प्रकार लिटिल स्टेप स्कूल बोरगांव में पूजा हिवरकर को केंद्र प्रमुख वैशाली बिंझवाड़ हेमंत हिवरकर राजेश बारापात्रे आमिर धराडे इसी प्रकार पीपला नारायण मार्ग के स्कूल में केंद्र प्रमुख प्रीति सोमकुंवर को अरुण गुरुजी ठाकरे अक्षय सोमकुंवर तथा जिला पांढुर्ना में एक परीक्षा केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर में भी केंद्र प्रमुख नीलम झरबड़े की कमान सोफी गई थी। साथ में संस्था के सचिव गोपाल कोठे निलेश गाडगे दिनेश पाटिल आदि सदस्यों के द्वारा परीक्षा को कैसे सफल बनाया जाय यह सीखने का प्रयास किया।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ अध्यक्ष योगेश सोमकुंवर जी ने की ने बताया कि लगभग सौसर तहसील के सभी दूरदराज शालाओ से बच्चो ने भाग लिया कार्यक्रम का समापन सचिव गोपालजी कोठे ने आभार व्यक्त कर किया।

हाईस्कूल, छपारा में दिव्यांग बच्चों ने दिखाये हुनर, जीते पुरस्कार

छपारा, देशबन्धु। विकासखंड अंतर्गत सुभाष ग्राउंड नवीन हाईस्कूल छपारा में गत 2 दिसंबर का दिन उल्लास से भरा रहा । शासन के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष आयोजित किये जाने वाले दिव्यांगजनों के विकासखंड स्तरीय खेलकूद आयोजन में समस्त जनशिक्षा केन्द्रों से विकासखंड स्तरीय पंजीयन 10 दृष्टि बाधित, 8 श्रवण बाधित 10 मानसिक एवं 40 अस्थिबाधित बच्चों ने उपस्थित होकर पंजीयन कराते हुये गोला फेंक, भला फेंक, तवा फेंक,दौड़, कूद, रंगोली, ड्राइंग, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, मटकी फोड़ एवं नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों के साथ-साथ उनको आयोजन स्थल तक लेकर पहुंचे शिक्षक-शिक्षिकाओं और उनके अभिभावकों ने अपनी पूर्णकालिक एवं हर्षित सहभागिता से पूरे आयोजन को उल्लासपूर्ण बना दिया।

दीक्षा, नेत्रिका, देविका, अभिलाषा, मनीषा, पल्लवी, राशि, नंदिनी, चांदनी, प्रियंका, शिवानी, अलीना, खुशी, प्रतिज्ञा, एहसान, अम्बर, प्रियांश, राजेश, पुष्पेन्द्र जैसे दिव्यांग बच्चों ने अलग-अलग विधाओं में प्रथम द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया वहीं आयोजन में सहभागी बने सभी बच्चों ने प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्राप्त कर खुशी मनाई। सभी अभिभावकों एवं बच्चों को आयोजन के मध्य भाग में भोजन पानी की उपलब्धता ने भी आनंदित किया। आयोजन में बी ए सी राकेश तिवारी, मंजू लाल इनवाती, घनश्याम सनोड़िया, संतोष नाग, प्राचार्य प्रतिभा श्रीवास्तव, आर.एस. सूर्यवंशी, डी.एस. बिसेन, प्रवीण श्रीवास्तव, भोजराम बघेलिया की उपस्थिति एवं समन्वय ने आयोजन को रंगारंग बना दिया। विकासखंड के एम.आर.सी. मुकेश परिहार, विजय सनोड़िया, सी एम राईज विद्यालय के व्यायाम शिक्षक शिरीष तिवारी, प्रकाश श्रीवास्तव, विनीत नामदेव व दिव्यांग बच्चों के पालक मौजूद थे।

मेरा देश, मेरा गर्व कार्यक्रम आयोजित

गोटेगांव, देशबन्धु। विगत दिवस एसपी महोदय नरसिंहपुर के आदेशानुसार एवं एस डी ओ पी गोटेगाँव भावना मरावी और थाना प्रभारी गोटेगांव प्रदीप सराफ के निर्देशन में विगत दिवस मेरा देश मेरा गर्व विषय पर पुलिस थाना गोटेगाँव, थाना मुंगवानी व थाना ठेमी में आयोजित चित्रकाला प्रतियोगिता में शासकीय सी एम राइस विद्यालय गोटेगांव, में कक्षा बारहवी की छात्रा धनवती मेहरा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी शाला का नाम रोशन किया है द्य प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा को एस पी मैडम नरसिंगपुर के निर्देश पर एसडीओपी मैडम गोटेगाँव द्वारा नगद राशि व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया ।

ग्रेपलिंग चैंपियन में श्रेया केवट ने जीते दो गोल्ड मैडल, अध्यक्ष ने किया सम्मान

जुन्नारदेव, देशबन्धु । नेशनल ग्रेपलिंग चैंपियनशिप जम्मू में आयोजित हुई जिसमें 20 मेडल जुन्नारदेव ने हासिल किया मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा विद्यार्थी जम्मू कश्मीर में पहुंचे जहां दो गोल्ड मेडल इस प्रतियोगिता में जुन्नारदेव नगर की वार्ड क्रमांक 2 निवास श्रेया केवट पिता दीपक केवट माता पिंकी केवट है जो के क्लास 7 में शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगिता में पहले नंबर का पुरस्कार लाकर दो गोल जुन्नारदेव को दिलाया जुन्नारदेव पहुंचने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी और नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा भव्य रूप से इस अवसर पर सम्मान किया गया श्रेया की उपलब्धि पर उज्जवल भविष्य की सभी ने कामना की है। निश्चित है जुन्नारदेव का नाम जम्मू कश्मीर में मेडल जीतकर रोशन हुआ है।

जिला स्तरीय विप्र मातृशक्ति समागम

गोटेगांव, देशबन्धु । विगत दिवस ब्राह्मण महिला परिषद के सातवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय द्वद्वद्वह्ल कॉलेज में मनाया गया विप्र मातृशक्ति समागम।जिसमे गाडरवारा से साधना स्थापक पूर्व विधायक, करेली से भारतीं पालीवाल अध्यक्ष करेली,गाडरवारा से पूजा तिवारी जिलाध्यक्ष,राजमार्ग से निशा शर्मा ,प्रियंका खेमरिया अध्यक्ष गोटेगांव, साईंखेड़ा से सुषमा तिवारी अध्यक्ष, एवं सुआतला से श्रीमती अनुपमा डबरैया ने अपनी अपनी टीम के संग सराहनीय उपस्थिति दी।

कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती विवेक पांडे जी रही।श्रीमतीं विवेक पाण्डे इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ब्राह्मण मातृशक्ति को किसी भी असामयिक घटना से उबरने और सामाजिक सुधार के लिए एक जुट होकर कार्य करना बताया।कार्यक्रम के दौरान सभी मंचासीन अतिथियों ने अपने अपने उदबोधन में ब्राह्मण मातृशक्तियों को एकजुट हो कर कार्य करने की सलाह दी।गाडरवारा से पधारी श्रीमती साधना स्थापक ने महिलाओं को आत्मशक्ति से भरपूर कर दिया।

उन्होंने अपने भीतर छिपी प्रतिभा को निखार कर समाज को नई दिशा देने पर ज़ोर दिया। विवेक पांडे जी ने अपने उदबोधन में अंतरजातीय विवाह को रोकने पर ज़ोर देते हुए ब्राह्मणवाद को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा आपने समाज का व्यकित है तो उसे व्यवसाय, नौकरी एवम अन्य क्षेत्र में आगे लाने की कोशिश करे। एक निश्चित उम्र पर बच्चो का विवाह करे।

भारती पालीवाल ने सभी संगठनों को एक जुट होकर कार्य करने पर ज़ोर दिया। पूजा तिवारी ने मात्रशक्तियों को पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ सामाजिक अनैतिकता को रोकने हेतु प्रेरित किया। निशा शर्मा ने सामाजिक एकता पर जोर दिया। यदि सब मिलजुलकर कार्य करेंगे तो सदैव समाज की ही नही विश्व की भी तरक्की होगी।

सुषमा तिवारी ने बचपन से ही सामाजिक संस्कार पर ज़ोर दिया।प्रियंका खेमरिया जी ने संगठन के द्वारा जिलास्तर पर कार्य करने पर सभी को विचार करने का कहा। अनुपमा ने तिलक और बच्चों के संस्कार पर जोर दिया अदिति दुबे की सुमधुर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत ने अंत तक हर महिला में सामाजिक सुधार के जज्बे को भर दिया। प्रियंका गोस्वामी की ओजस्वी कविता ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कामिनी दुबे के आएंगे परशुराम गीत ने सभी महिलाओ को झूमने पर मजबूर कर दिया। दर्शकों की भीड़ से खचाखच भरे हॉल में हर महिला अपने मुख से सामाजिक विकारों को दूर करने के लिए अपने विचार बताने को उद्यत थी। नगर अध्यक्ष सुनन्दा भट्ट इतनी भीड़ और लोगों के विचार जानने के बाद अभिभूत हो गई।

दैनिक राशिफल

बुधवार 04 दिसम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की तृतीया, नक्षत्र-पू.षा.।

मेष
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

वृषभ
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

मिथुन
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

क.589-260

कर्क
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

सिंह
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है।

कन्या
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है। क्रोध पर संयम रखें।

तुला
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। भाग्यवृद्धि का अवसर मिलेगा।

वृश्चिक
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें।

धनु
आज आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी स्नेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा। किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है। दांपत्यजीवन में सुख और आनंद मिलेगा।

मकर
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

कुंभ
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

मीन
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। बिजनेस को बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

म. 230-390